# 17 राजस्थान के लोकगीत

1. **निम्न में से किसे 'गाली' गीत भी कहते हैं?**
(1) इंडोणी  (2) पावणा
(3) सीठणे  (4) सूंवटिया  (3)

**व्याख्या–** सीठणे विवाह के अवसर पर दामाद या मेहमान को भोजन कराते समय गीतों में गालियाँ निकाली जाती है। जिसे गाली गीत भी कहते हैं।

2. **राजस्थान का रजवाड़ी गीत 'केसरिया बालम' किस राग में गाया जाता है ?**
(1) मांड  (2) पीलू
(3) सारंग  (4) मोड  (1)

**व्याख्या–** केसरिया बालम राजस्थान का राज्यगीत है। इसमें विदेश गये पति को आने का संदेश दिया जाता है। इसमें पति की प्रतीक्षा करती हुई एक नारी की विरह व्यथा है।

3. **'कुकड़लू' क्या है ?**
(1) एक राजस्थानी लोकगीत
(2) वृद्ध की मृत्यु पर किया जाने वाला संस्कार
(3) घना अभयारण्य में पाया जाने वाला एक पक्षी
(4) गरासियों की एक प्रथा  (1)

**व्याख्या–** शादी के अवसर पर जब दुल्हा तोरण पर आता है तब वधू पक्ष की महिलाएँ कुकड़लू गीत गाती है।

4. **मारवाड़ में किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की मृत्यु पर गाया जाने वाला गीत है?**
(1) बेमाता गीत  (2) मरसिया
(3) हमसीढ़ो  (4) जलो जलाल  (2)

5. **निम्न में से कौनसा गीत सहरिया जनजाति का नहीं है?**
(1) लहंगी  (2) आल्हा
(3) झूलरिया  (4) हींडा  (3)

**व्याख्या–** झूलरिया गीत मायरा या भात भरते समय गाया जाता है।

6. **सगाई के बाद विवाह में देरी होने पर कन्या द्वारा गाया जाने वाला गीत है?**
(1) कुरजां  (2) सुवटियों
(3) पपैयो  (4) मोरियो  (4)

**व्याख्या–** मोरिया एक सरस लोकगीत है।

7. **निम्न में से कौन सा एक लोकगीत राजस्थान के पर्वतीय क्षेत्र का नहीं है?**
(1) बिछीयो  (2) कुरजाँ
(3) लालर  (4) पटेल्या  (2)

**व्याख्या–** कुरजाँ गीत के माध्यम से विरहणी अपने प्रियतम को कुरजाँ पक्षी के माध्यम से संदेश पहुँचाना चाहती है। यह मरूस्थलीय क्षेत्र का गीत है।

8. **रतवाई लोकगीत किस क्षेत्र में गाये जाते हैं?**
(1) हाड़ौती  (2) मेवात
(3) वागड़  (4) शेखावाटी  (2)

9. **वर को जादू-टोना के प्रभाव से बचाव हेतु गाया जाने वाला गीत है?**
(1) लालर  (2) जलो जलाल
(3) कामण  (4) कलाकी  (3)

10. **'कलाकी' गीत है?**
(1) वीर रस प्रधान गीत  (2) सरस भक्ति गीत
(3) प्रसिद्ध विरह गीत  (4) शृंगारिक गीत  (1)

11. **शिशु जन्म के बाद जलवा पूजन के वक्त गाया जाने वाला गीत है?**
(1) बेमाता  (2) पीळो
(3) बादली गीत  (4) चाकभात  (2)

12. **पटेल्या, बीछियो एवं लालर प्रमुख लोकगीत हैं?**
(1) मरूस्थलीय गीत  (2) महफिल के गीत
(3) आदिवासियों के  (4) धार्मिक लोकगीत  (3)

13. **राजस्थान का राज्य गीत है?**
(1) केसरिया बालम  (2) धरती धोरा री
(3) पावणा  (4) कुरजाँ  (1)

**व्याख्या–** केसरिया बालम गीत माण्ड राग में गाया जाता है।

14. **भीलों का प्रसिद्ध लोकगीत जिसे स्त्री-पुरुष साथ मिलकर गाते है?**
(1) पीपली  (2) बादळी गीत
(3) लूर  (4) हमसीढ़ो  (4)

15. **एक रजवाड़ी गीत जिसमें विरहणी नारी अपने प्रियतम को घर आने का संदेश देती है?**
(1) पपैहा  (2) मूमल  (3) चिरमी  (4) कुरजां  (4)

16. **'सारंग' राग किस समय गाया जाता है?**
(1) भोर के समय  (2) रात्रि में
(3) वर्षा के समय  (4) दोपहर काल  (4)

**व्याख्या–** सारंग राग का समय दोपहर के 12:00 P.M. से 02:00 P.M. तक का है।

17. **सूवटिया लोकगीत का संबंध किससे है?**
(1) गरासिया स्त्री में  (2) राजपूत स्त्री से
(3) वीरांगना स्त्री से  (4) भील स्त्री से  (4)

**व्याख्या–** यह भील स्त्री द्वारा गाया जाने वाला विरह गीत है। भीलनी स्त्री सुवटिया (तोता) के माध्यम से पति को संदेश भिजवाती है।

18. **राजस्थान में सर्वाधिक लोकगीतों वाला त्योहार है?**
(1) होली  (2) दीपावली
(3) तीज  (4) गणगौर  (4)

19. **'पावणा' नामक गीत गाये जाते है?**
(1) वधू पक्ष की महिलाओं द्वारा बारात का डेरा देखने जाते समय
(2) दुल्हन की सखियों द्वारा विवाह के अवसर पर
(3) पति के विदेश जाने पर वियोग में
(4) नये दामाद को ससुराल में खाना खिलाते समय गाया जाने वाला गीत
(4)

20. राजस्थान का एक लोकगीत जिसमें कुरजां को विरहणियों का पक्षी कहा गया है?
(1) कुरजां गीत (2) हिचकी
(3) सुपणा (4) चौमासा (1)

21. 'जला' गीत स्त्रियों द्वारा कब गाया जाता है?
(1) वर की बारात का डेरा देखने जाने पर
(2) होलिका दहन के अवसर पर
(3) दशहरे पर रावण दहन के समय
(4) दुल्हे को जादू टोने से बचाने के लिए (1)

22. लोक गीत 'ओल्यूं' कब गाया जाता है?
(1) नव विवाहिता द्वारा पीहर की याद में
(2) विवाहित स्त्री द्वारा करवाचौथ के व्रत पर
(3) अपने किसी प्रिय की याद में
(4) शादी में दुल्हन की सखियों द्वारा (3)

23. 'कुरजां गीत' राजस्थान में बहुत प्रसिद्ध है, इसमें कुरजां शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?
(1) गरासियों की लोकदेवी (2) प्रसिद्ध शृंगारिक लोक गीत
(3) यह एक प्रकार का पक्षी है (4) आदिवासी स्त्रियों का पीहर (3)

**व्याख्या–** कुरजां गीत के माध्यम से विरहनी अपने प्रियतम को कुरजां पक्षी के माध्यम से संदेश पहुंचाना चाहती है। इसमें कुरंजा को विरहनियों का पक्षी कहा गया हैं। ''कुरजां एं म्हारो भँवर मिला द्यो ए''।

24. मरुभूमि के लोकगीत किस भावना के परिचायक है?
(1) उमंग, वियोग व हृदय की पीड़ा
(2) भक्ति, शृंगार व श्रृद्धा के परिचायक
(3) शृंगार, प्रेम व घमण्ड के परिचायक
(4) प्रेम, संयोग व उपासना के परिचायक (1)

25. सबसे लम्बा लोकगीत किस लोकदेवता का है?
(1) गोगाजी (2) पाबू जी
(3) हड़बू जी (4) रामदेव जी (4)

26. शादी पर दुल्हन की सखियों द्वारा गाया जाने वाला गीत है?
(1) सुवटिया (2) दुपट्टा
(3) बन्ना-बन्नी (4) पीपली (2)

27. कोयलड़ी गीत किस अवसर पर गाया जाता है–
(1) पति की विदाई पर गाया जाने वाला गीत
(2) पत्नी की याद में पति द्वारा गाया जाने वाला गीत
(3) दुल्हन द्वारा पीहर की याद में गाया जाने वाला गीत
(4) दुल्हन की विदाई पर गाया जाने वाला गीत (4)

28. निम्न में से कौनसा गीत विरह गीत नहीं है?
(1) कुरजां (2) झोरावा
(3) काछबा (4) सुवटिया (3)

**व्याख्या–** काछबा पश्चिमी राजस्थान में गाया जाने वाला प्रेमगीत है।


29. शेखावाटी में वर्षा ऋतु में गाया जाने वाला गीत है?
(1) पंछीड़ा (2) ओल्यू
(3) पीपली (4) रसिया (3)


30. किस गीत में नायक द्वारा नायिका को बुलाया जाता है?
(1) लावणी (2) पीपली
(3) हिचकी (4) पपैहा (1)


**व्याख्या–** लावणी गीत फसल काटते समय भी गाया जाता हैं, मोरध्वज, सेउंसमन व भरथरी प्रमुख लावणियाँ हैं।

Dhindhwal Publication

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन**